# सेना को मिले 491 नए अधिकारी

**157** वीं परेड देहरादून में, 14 मित्र देशों के कैडेट भी हुए कमीशंड | **525** कैडेट्स का ऐतिहासिक क्षण | **491** युवा थल सेना में जाएंगे

**देहरादून, 13 दिसंबर. उत्तराखंड के देहरादून भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के ऐतिहासिक ड्रिल स्क्वायर में 157वीं पासिंग आउट परेड का भव्य आयोजन किया गया. इसमें 525 कैडेट पास आउट हुए हैं.**

इसमें 491 युवा सैन्य अधिकारी भारतीय थल सेना में जाएंगे, जबकि बाकी 34 कैडेट को 14 मित्र देशों की सेनाओं में सेवा का मौका मिलेगा. इस अवसर पर गौरव, परंपरा और सैन्य गरिमा से परिपूर्ण अधिकारी कैडेट्स को भारतीय सेना में कमीशन प्रदान किया गया. यह समारोह अकादमी के आदर्श वाक्य वीरता और विवेक एवं



कैडेट्स के कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन और अदम्य साहस का सशक्त प्रतीक रहा. थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने परेड की समीक्षा की और नव-नियुक्त अधिकारियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सेना में कमीशन प्राप्त करना केवल प्रशिक्षण की समाप्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति आजीवन कर्तव्य और निस्वार्थ सेवा की शुरुआत है. पासिंग आउट परेड में 157वें रेगुलर कोर्स, 46वें टेक्निकल एंट्री स्कीम, 140वें टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स, 55वें स्पेशल कमीशंड ऑफिसर्स कोर्स और टेरिटोरियल आर्मी ऑनलाइन एंट्रेंस एग्ज़ाम 2023 कोर्स के कुल 525 अधिकारी कैडेट्स के साथ-साथ 14 मित्र राष्ट्रों के 34 विदेशी अधिकारी कैडेट्स को कमीशन प्रदान किया.

> यह कमीशनिंग न केवल भारत के रक्षा नेतृत्व को सुदृढ़ करेगा, बल्कि मित्र देशों के साथ दीर्घकालिक सैन्य सहयोग को भी सशक्त बनाती है. इस गरिमामय समारोह के साक्षी गर्वित अभिभावक, परिजन, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी तथा अनेक विशिष्ट अतिथि बने. परेड का समापन पारंपरिक अंतिम पग के साथ हुआ, जब युवा अधिकारी राष्ट्र की संप्रभुता, सम्मान और मूल्यों की रक्षा के संकल्प के साथ आगे बढ़े.

## 11 पिस्तौल के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 13 दिसंबर. दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने अवैध हथियारों का धंधा करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने उसके पास से 11 अर्द्ध-स्वचालित पिस्तौलें बरामद की हैं. एक अधिकारी ने बताया कि 22 वर्षीय मनपाल मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के बिजलापुरा गांव का निवासी है. वह दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अपराधियों तक उन्नत हथियार पहुंचाता था. यह अभियान विशेष शाखा की दक्षिणी क्षेत्र की एक टीम ने चलाया. इसका नेतृत्व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार की देखरेख में निरीक्षक रंजीत सिंह और संजीव कुमार ने किया. पुलिस उपायुक्त



आलाप पटेल ने कहा, लगातार खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, टीम अवैध हथियारों की आपूर्ति श्रृंखला का पता लगाने के लिये एक महीने से ज्यादा समय से इस गिरोह पर नजर रख रही थी. उन्होंने बताया कि मंगलवार को टीम को सूचना मिली थी कि मनपाल ने मध्य प्रदेश के सेंधवा से पिस्तौलों की एक नयी खेप खरीदी है और वह इन हथियारों को नयी दिल्ली में सराय काले खां के पास पहुंचाने की योजना बना रहा था.

## पहली बार पाकिस्तान विवि में संस्कृत और गीता की पढ़ाई

**लाहौर, 13 दिसंबर. भारत-पाक विभाजन के करीब आठ दशक बाद पाकिस्तान के शैक्षणिक इतिहास में एक नई शुरुआत होने जा रही है. लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में संस्कृत का क्रेडिट कोर्स शुरू किया गया है, जहां आने वाले समय में महाभारत और भगवत गीता पढ़ाई जाएंगी.**



पाकिस्तानी प्रोफेसरों का कहना है कि संस्कृत किसी एक धर्म की नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की साझा भाषा और विरासत है. पाकिस्तान में पहली बार कॉलेज स्तर पर संस्कृत की औपचारिक पढ़ाई शुरू हो रही है. लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने पारंपरिक भाषाओं के तहत चार क्रेडिट कोर्स लॉन्च किए हैं, जिनमें संस्कृत भी शामिल है. इसके साथ ही महाभारत, भगवद्गीता और सुबोध पद्य पर विशेष कोर्स शुरू करने की तैयारी की जा रही है. इस पहल के पीछे एलयूएमएस के गुरमानी सेंटर के डायरेक्टर डॉ. अली उस्मान कासमी और फोरमैन क्रिश्चियन कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शाहिद रशीद की अहम भूमिका रही है. डॉ. रशीद ने बताया कि तीन महीने तक वीकेंड वर्कशॉप के जरिए छात्रों, स्कॉलर्स और भाषा प्रेमियों को संस्कृत से परिचित कराया गया. सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद इसे नियमित सिलेबस में शामिल करने का फैसला लिया गया. डॉ. शाहिद रशीद ने कहा कि संस्कृत पूरे इलाके को जोड़ने वाली भाषा है. उन्होंने स्पष्ट किया कि यह किसी एक धर्म से बंधी नहीं है. संस्कृत व्याकरण के जनक पाणिनि का गांव भी इसी क्षेत्र में था. उन्होंने यह भी बताया कि उर्दू के कई शब्द संस्कृत से आए हैं, जिसे जानकर छात्र हैरान रह जाते हैं. डॉ. कासमी के अनुसार, पाकिस्तान में संस्कृत से जुड़ी धरोहर बेहद समृद्ध है. पंजाब यूनिवर्सिटी की लाइब्रेरी में संस्कृत की दुर्लभ पांडुलिपियां और ताड़पत्र सुरक्षित हैं.

### नए कोर्स शुरू करने की तैयारी

आने वाले दिनों में पाकिस्तान के कॉलेज में महाभारत, भगवद्गीता और सुबोध पद्य को गंभीरता व सम्मान के साथ पढ़ाया जाएगा. महाभारत औ गीता पर नए कोर्स शुरू करने की तैयारी कर रहा है. डायरेक्टर डॉ. कासमी ने कहा, उम्मीद है इससे मोमेंटम बनेगा. 10-15 साल में हम पाकिस्तान में रहने वाले महाभारत और गीता के स्कॉलर्स देख सकते हैं. इसके पीछे कई महीनों की कोशिश है. इसकी नींव रखने के लिए तीन महीने तक एक वीकेंड वर्कशॉप चलाई गई, जिसमें स्टूडेंट्स, स्कॉलर्स और भाषा में रुचि रखने वाले लोगों को बुलाया गया. संस्कृत को लेकर उत्सुकता और भागीदारी पर जोर दिया गया. कॉलेज प्रशासन को यह सोचने पर मजूबर किया गया कि संस्कृत को रेगुलर सिलेबस में जगह मिलने चाहिए. तब जाकर पाकिस्तान में पहली बार संस्कृत की पढ़ाई शुरू हो रही है.

## यूनेस्को के नये महानिदेशक से पश्चिमी राजनीति पर रोक संभव

**काराकास, 13 दिसंबर. वेनेजुएला के स्थायी प्रतिनिधि रोडुल्फो हम्बर्टो पेरेड हर्नांडे ने कहा कि मिस्र के पूर्व पर्यटन मंत्री खालेद अल-एननी के यूनेस्को महानिदेशक बनने से एजेंसी में पश्चिम समर्थक राजनीतिकरण को रोका जा सकता है.**

उन्होंने मॉस्को में आयोजित सम्मेलन में कहा कि अल-एननी की नियुक्ति संगठन को गैर-राजनीतिक बनाने में मदद करेगी और पश्चिमी देशों को इसे अपने हितों के लिए शेष दुनिया के खिलाफ इस्तेमाल करने से रोक सकती है. वेनेजुएला के स्थायी प्रतिनिधि रोडुल्फो हम्बर्टो पेरेड हर्नांडेड ने मॉस्को के आरयूडीएन विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मेलन में यूनेस्को के नए महानिदेशक खालेद अल-एननी की नियुक्ति का स्वागत किया. उन्होंने कहा कि अल-एननी के नेतृत्व में यूनेस्को को पश्चिमी देशों के प्रभाव और राजनीतिक दुरुपयोग से मुक्त किया जा सकता है. वेनेजुएला का कहना है कि संगठन का राजनीतिकरण कई बार उन देशों पर हमला करने के लिए इस्तेमाल किया गया, जिन्होंने अपनी संप्रभुता बनाए रखने के लिए विरोध किया. हर्नांडेड़ ने सम्मेलन में कहा, हम चाहते हैं कि सभी सदस्य देशों को अपना दृष्टिकोण व्यक्त करने और निर्णय प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति मिले.

## यमन में अलगाववादियों के हमले में 30 से अधिक सैनिक मारे गए

**सना, 13 दिसंबर.** पूर्वी यमन के हद्रमाउत प्रांत में अलगाववादी बलों के हमले में 30 से अधिक यमनी सैनिक मारे गए. सेना के जनरल स्टाफ ने आधिकारिक समाचार एजेंसी सना से बात करते हुए अलगाववादी बलों पर आरोप लगाया कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हुए अलगाववादी घायलों को मार रहे हैं और कैदियों को फांसी दे रहे हैं. जनरल स्टाफ ने कहा कि अलगाववादियों के हमले में कम से कम 32 यमनी अधिकारी और सैनिक मारे गए, जबकि 45 अन्य घायल हो गये. उन्होंने कहा कि कई अधिकारी और सैनिक अभी भी लापता हैं.

## लोगों की समस्याओं को सुने : केजरीवाल

**जिला परिषद चुनाव को लेकर लोगों से की बातचीत**

**गोवा, 13 दिसंबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने गोवा में जिला परिषद के चुनाव प्रचार के तहत अंजुना में घर-घर जाकर लोगों से बातचीत की.**

केजरीवाल ने इस दौरान स्थानीय निवासियों की समस्याओं और उम्मीदों को सुना और कहा कि आम आदमी पार्टी ईमानदार राजनीति और पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने यह भी कहा कि पूरे गोवा में पार्टी को मिल रहा बढ़ता समर्थन बदलाव की जनता की उम्मीद को दर्शाता है. आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने गोवा के अंजुना क्षेत्र में जिला परिषद के चुनाव प्रचार के दौरान घर-घर जाकर जनता से सीधी बातचीत की. इस दौरे में उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने के लिए पार्टी की योजनाओं का उल्लेख किया. केजरीवाल ने कहा कि गोवा के लोग अब ईमानदार और पारदर्शी राजनीति की तलाश में हैं और यही कारण है कि आम आदमी पार्टी को पूरे राज्य में बढ़ता समर्थन मिल रहा है.

> उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य लक्ष्य जनता की आवाज़ को सशक्त बनाना और प्रशासन में जनता के लिए पारदर्शिता सुनिश्चित करना है. केजरीवाल ने अंजुना के निवासियों से यह भी आश्वासन दिया कि चुनाव जीतने पर आम आदमी पार्टी उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए ठोस कदम उठाएगी. लोगों ने उनके साथ विचार साझा किए और स्थानीय मुद्दों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर चर्चा की. केजरीवाल ने कहा कि पार्टी इन मुद्दों को प्राथमिकता देगी. अंजुना दौरे के दौरान जनता के बीच पार्टी के बढ़ते प्रभाव और लोगों की बढ़ती उम्मीदों ने साफ संकेत दिया कि आम आदमी पार्टी गोवा में राजनीतिक बदलाव की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रही है.



## बयानबाजी से नहीं, एक्शन से जीतते हैं जंग

**सीडीएस जनरल अनिल चौहान की पाक को चेतावनी**

**नई दिल्ली, 13 दिसंबर. चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को तेलंगाना के एयर फोर्स अकादमी, डुंडीगल में ऑटम टर्म 2025 की कंबाइंड ग्रेजुएशन परेड की समीक्षा की.**

इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने नए फ्लाइट कैडेट्स से कहा कि युद्धों में कोई रनर-अप नहीं होता. वहीं, पाकिस्तान का बिना नाम लिए कहा युद्ध खाली बयानबाजी या सोशल मीडिया प्रचार से नहीं, बल्कि स्पष्ट लक्ष्य, ठोस योजना और निर्णायक कार्रवाई से जीते



जाते हैं. साथ ही यह भी बताया कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है. नए फ्लाइट कैडेट्स से सीडीएस ने कहा कि गलती की गुंजाइश जीरो है और लापरवाही की कीमत बहुत भारी होती है. आप भी एयर फोर्स में ऐसे समय में शामिल हो रहे हैं, जब एक नया नॉर्मल पूरी तरह से बन चुका है, एक ऐसा दौर जो हाई लेवल की ऑपरेशनल तैयारी से पहचाना जाता है. ऑपरेशन्स की तीव्रता भले ही कम हो गई हो.

> परेड के दौरान पिलाटस पी सी-7, हॉक, किरण और चेतक विमानों द्वारा बेहतर तालमेल के साथ फ्लाईपास्ट किया गया. आकाश गंगा टीम और एयर वॉरियर ड्रिल टीम के रोमांचक प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. विभिन्न प्रशिक्षण क्षेत्रों में उनके असाधारण प्रदर्शन को मान्यता देते हुए जनरल चौहान ने फ्लाइंग शाखा के फ्लाइंग ऑफिसर तनिष्क अग्रवाल को पायलट कोर्स में समग्र योग्यता क्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पट्टिका और नवानगर स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया.

## हर मास – एक उपवास का लिया संकल्प




**भारत मंडपम में दो दिवसीय इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन**

**नई दिल्ली, 12 दिसम्बर. भारत मंडपम में दो दिवसीय इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें योग और उपवास के दो प्रसिद्ध संतों - योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में, एक जन आंदोलन हर मास - एक उपवास शुरू किया गया.**

यह द्वि-दिवसीय सम्मेलन 4 सत्रों में जनमंगल की सम्यग्दृष्टि -उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन पर केन्द्रित है. दोनों युग-पुरूषों ने जनमंगल के लिए हर मास एक उपवास महाभियान से मानवता को समस्त सिद्धिदायक महामंत्र देने का संकल्प किया है. इस आंदोलन से देश के प्रमुख संतगण, राजनेता तथा विख्यात हस्तियों के साथ-साथ दुनिया भर में लाखों लोग जुड़ चुके हैं. सम्मेलन का अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए माननीय लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा भारत मण्डपम की यह भूमि आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विज्ञान का अद्भुत साक्षी बन रहा है. पूज्य अंतर्मना ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में धर्म, अध्यात्म, संस्कृति, विज्ञान, वैयक्तिक विकास व आत्म विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया. इनका तप-तपस्या अद्भुत है. यह आयोजन अध्यात्म और कर्मयोग का दिव्य संगम है. जो निश्चित ही देश व दुनिया को नया संदेश देगा. देश की राजधानी दिल्ली से देश को संदेश जाएगा और देश से दुनिया तक यह बात पहुँचेगी. जहाँ एक ओर आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज आध्यात्मिक ज्ञान का दर्शन देकर आत्म विकास का मार्ग बता रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर स्वामी रामदेव जी महाराज कर्मयोग, भारतीय शिक्षा, स्वदेशी जीवन और योग विज्ञान के माध्यम से देश व दुनिया को स्वास्थ्य प्रदान कर रहे हैं. बिरला ने कहा कि उपवास से शरीर व मन स्वस्थ रहते हैं, इससे इन्द्रियों को वश में किया जा सकता है. इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन समसामायिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है. उन्होंने एक माह-एक उपवास का संकल्प लेते हुए कहा कि मैं भी माह में एक बार उपवास करूंगा.

**Solapur Municipal Corporation, Solapur**
Indrabhuwan, Ambedkar Chowk, Railway Line, Solapur, Maharashtra-413001

**EARLY MARKET ENGAGEMENT NOTICE**

The Administrator and Municipal Commissioner, Solapur Municipal Corporation, Solapur, Maharashtra 413001, invites bidders for Early Market Engagement for Improvement in Solapur water supply distribution, water treatment and service Improvement project under world bank funding.

The objective of this Early Market Engagement is to inform potential suppliers, contractors, technology providers, and sector specialists about the upcoming Water Supply Project for Solapur City and to seek market insights that will support finalization of the project design, innovation, packaging strategy, procurement approach, and risk allocation. This engagement aligns with World Bank Procurement Regulations (Goods, Works, Non- Consulting Services & Consulting Services) and aims to promote competition, transparency, and improved value for money.

**Date: 15th December 2025**
**Time: 11:00 AM**
**Mode of Meeting: Hybrid**
**Offline meeting Venue:**
Commissioner Office, Solapur Municipal Corporation, Indrabhuwan, Ambedkar Chowk, Railway Line, Solapur, Maharashtra - 413001,
**Online VIC link**
https://us02web.zoom.us/j/88573451467?pwd=PJAg8WrXeSthyuySv72r2LCwus2/4u.1
**Meeting ID:** 885 7345 1467
**Passcode:** 401613

sd/-
**Administrator & Commissioner**
**Solapur Municipal Corporation, Solapur.**

## विरमगाम स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास

**सुरक्षित और दिव्यांगजन-अनुकूल स्टेशन तैयार**

**अहबादाबाद, 13 दिसंबर. भारतीय रेलवे में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, 160 स्टेशनों का कार्य पूरा हो चुका है, जिसमें से गुजरात के 87 स्टेशन शामिल है.**

माननीय प्रधानमंत्री ने इसी साल मई महीने में बीकानेर से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया. जिसमें सामाख्याली सहित गुजरात के 18 स्टेशन शामिल है. पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मण्डल का विरमगाम स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है. विरमगाम रेलवे स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास 46.13 करोड़ की



लागत से तेजी से किया जा रहा है. वर्तमान में विरमगाम स्टेशन पर 50 से अधिक ट्रेनें रुकती है. यहां से प्रतिदिन लगभग 7000 यात्री आवागमन करते है. इसे अगले 45-50 वर्ष के यात्री भार को ध्यान में रखते हुए पुनर्विकसित किया जा रहा है. विरमगाम स्टेशन पर ओवर ब्रिज बनाया जा रहा जो प्लेटफॉर्मो के बीच सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा. यह स्टेशन अहमदाबाद-विरमगाम, विरमगाम सुरेंद्रनगर, समाखि याली इन चार रेल मार्गों के जंक्शन पर स्थित है.

> यहाँ गेटवे डिस्ट्रिपार्क्स द्वारा इनलैंड कंटेनर डिपो सुविधा भी उपलब्ध है. जून 2023 में विरमगाम से मुंद्रा पोर्ट तक डबल-स्टैक रेल परिवहन सेवाएँ शुरू कीं, जिसका उद्देश्य अपने निर्यात-आयात व्यापार ग्राहकों के लिए परिचालन दक्षता बढ़ाना और लॉजिस्टिक लागत कम करना है. विरमगाम स्टेशन का पुनर्विकास कार्य यात्री सुविधाओं, सुरक्षा तथा स्टेशन के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए तेजी से प्रगति पर है. यह कार्य स्टेशन को आधुनिक, सुरक्षित तथा दिव्यांगजन अनुकूल बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है.

**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (.प्र.म) - 462011
Ph.:0755-2573444,FAX: 0755-2573418, E-mail:- gmmp.fci@gov.in
क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/एनआईटी/2025/33 दिनांक: 14.12.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**मध्य प्रदेश क्षेत्र में विभिन्न नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा**

**महाप्रबंधक (क्षेत्र)**

**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री नर्मदा विकास वि. / यां. संभाग क्र. 15,**
ई-1 /7, नर्मदा कॉलोनी, स्कीम नं. 78 विजय नगर, इन्दौर (म.प्र.)
**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निविदा सूचना क्र. 89 से 92/2025-26 दिनांक 09.12.2025

| स.क्र. | ई.निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_NVDA_466781_1 | ओंकारेश्वर सागर परियोजना के फेज-3 मनावर जिला धार (म.प्र.) में स्थित नहर गेट डी.एम. 46 (साईज 600 x 600) एवं इनलेट गेट (साईज 700 x 700) का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 263986.00 (रूपये दो लाख तिरसठ हजार नौ सौ छियासी) मात्र | रु. 5280.00 (रू.पांच हजार दो सौ अस्सी) मात्र | रु. 2000.00 (रू. दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 20 दिन |
| 2 | 2025_NVDA_466808_1 | ओंकारेश्वर सागर परियोजना के फेज-3 मनावर जिला धार (म.प्र.) में स्थित नहर गेट डी.एम. 47 (साईज 600 x 600) एवं डी.वाय. 7 (साईज 900 x 900) का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 272608.00 (रूपये दो लाख बहत्तर हजार छः सौ आठ) मात्र | रु. 5452.00 (रू.पांच हजार चार सौ बावण) मात्र | रु. 2000.00 (रू. दो हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 20 दिन |
| 3 | 2025_NVDA_466830_1 | मान परियोजना जिला धार (म.प्र.) में स्थित डिवाटरिंग गैलरी के केबल ट्रे, एमसीसीबी और सी.आई पाईप लाईन का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | रु. 132138.00 (रूपये एक लाख बत्तीस हजार एक सौ अड़तीस) मात्र | रु. 2643.00 (रू.दो हजार छः सौ तिरतालिस) मात्र | रु. 1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 20 दिन |
| 4 | 2025_NVDA_466841_1 | मान परियोजना जिला धार (म.प्र.) में स्थित डिवाटरिंग गैलरी के फाउण्डेशन गैलरी में स्वीकृत मेक की एल.ई.डी. बल्कहेड फिटिंग की आपूर्ति और स्थापना का कार्य। | रु. 165079.00 (रूपये एक लाख पैसठ हजार उनअस्सी) मात्र | रु. 3302.00 (रू.तीन हजार दो) मात्र | रु. 1000.00 (रू. एक हजार) मात्र | लो.नि.वि. भोपाल मे केन्द्रियकृत पद्धती के अंतर्गत पंजीकृत | 20 दिन |

निविदा कार्य के प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : 27/12/2025, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 29/12/2025, 10:30 से 29/12/2025, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 29/12/2025, 10:30 से 29/12/2025, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाईन पर भुगतान डेबिट/ कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउन्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

**कार्यपालन यंत्री**
**न. वि. वि/यां सं. क्र 15, इन्दौर**

G22655/25 'बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल'

## दिल्ली में एक्यूआई 400 के पार



**नई दिल्ली, 13 दिसंबर. राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 के पार पहुंच गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है.**

इस बढ़ोत्तरी की वजह धीमी हवाएं, स्थिर वायुमंडलीय स्थिति, खराब मौसम रहना है. गौरतलब है कि बढ़ते एक्यूआई का स्तर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक माना जाता है. आज सुबह यहां के कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता काफी कम रही, जिसके कारण वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

**SHRI VAISHNAV COLLEGE OF COMMERCE, INDORE/ SHRI VAISHNAV COLLEGE**
Scheme No. 71, Gumasta Nagar, Indore (M.P.)

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संस्थान की प्रबंध समिति (शासी निकाय) की बैठक के निर्णयानुसार संस्थान Shri Vaishnav College of Commerce, Indore/ Shri Vaishnav College का नाम परिवर्तन कर **Shri Vaishnav College of Arts and Commerce, Indore** किया जाता है। **सचिव**

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 503 और 504, 5वीं मंजिल, जी-ब्लॉक, इंसिप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई - 400051
**पंजीकृत कार्यालय:** कॉमर्सोन आईटी पार्क, टॉवर बी, पहली मंजिल, नंबर 111, माउंट पूनमल्ली रोड, पोरुर, चेन्नई - 600116, टीएन

**अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8(1)]**

चूंकि अधोहस्ताक्षरी, एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी [राष्ट्रीय आवास बैंक (भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली) के साथ विधिवत पंजीकृत] (जिसे आगे "एसएमएचएफसी" कहा जाएगा) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित दिनांकित मांग सूचना जारी करते हैं, जिसमें आपसे, उधारकताओं के रूप में, (नीचे उल्लिखित नाम) उक्त सूचना में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज की राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है। नीचे उल्लिखित उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, नीचे उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ, नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को, एतद्द्वारा उक्त संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन "SMHFC" के प्रभार के अधीन होगा यहाँ उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए।

| स. क्रं. | उधारकर्ता (एस)/ गारंटर (एस) का नाम लैन | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति) | डिमांड नोटिस दिनांक और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैन :- 615039511858035 1. दिनेश ककनानी 2. श्रीमती हरदेवी | मकान नंबर 59, वार्ड नंबर 02, महावीर नगर, तहसील एवं जिला मंदसौर, मध्य प्रदेश में स्थित शांति और पार्सल मकान। संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं:- पूर्वः मकान नंबर 59 का शेष भाग, पश्चिमः प्लॉट नंबर 50 पर मुखिया का मकान, साहब का मकान, उत्तरः कॉलोनी रोड, दक्षिणः अन्य खुली भूमि। कुल प्रशासनिक क्षेत्रफल 330 वर्ग फुट। | 15.09.2025 रू. 10,12,066.84 (दस लाख बारह हजार छियासठ और चौरासी पैसे मात्र) 10.09.2025 तक | 11.12.2025 |
| 2 | लैन :- 601739511890675 601739211890411 1. नीलिमा महेश बोके 2. श्री महेश पुरूषोत्तम बोके | यह शांत और सुविधाजनक मकान, सर्वे संख्या 471/1 के एक भाग पर स्थित है। यह मकान ग्राम पडलीकलां, मोहल्ला न्यू गांधी कॉलोनी के सम्पीप, नागदा, तहसील नागदा, जिला उज्जैन में है। संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं:- पूर्वः श्री कैलाशचंद्र रावल का मकान, पश्चिमः श्रीमती कृष्णा कुंवर दिलवाई का मकान, उत्तरः साझा सड़क, दक्षिणः गली। कुल प्रशासनिक क्षेत्रफल 46.44 वर्ग मीटर है। | 15.09.2025 रू. 35,33,512.11 (पैंतीस लाख तैंतीस हजार पांच सौ बारह और ग्यारह पैसे मात्र) 15.09.2025 तक | 10.12.2025 |

**स्थानः मंदसौर, उज्जैन, मध्य प्रदेश**
**दिनांकः 10.12.2025/11.12.2025**

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,**
**एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।**